एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

दिनॉक 19 मार्च, 2024 को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित तिलक शास्त्रार्थ सभागार में **''बौद्धिक सम्पदा अधिकार : अवधारणा एवं महत्व''** विषय पर शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रो0 सीमा सिंह, कुलपति, उ0प्र0रा0ट0मु0वि0वि0 प्रयागराज ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रो0 रमेश चन्द्र गौर, डीन (प्रशासन) इन्दिरा गॉधी कला केन्द्र, नई दिल्ली ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया।

मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यपर्ण एवं दीप प्रज्जवलन उपरान्त प्रो0 पी0 के0 पाण्डेय, निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया तथा कार्यशाला के विषय पर भूमिका को रेखांकित किया।

प्रथम तकनीकी सत्र में अपने ऑनलाइन उद्बोधन एवं पी.पी.टी. प्रदर्शित करते हुए मुख्य वक्ता प्रो0 रमेश चन्द्र गौर जी ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए नीतिगत प्ररिप्रेक्ष्यों को रेखांकित किया। उन्होनें अनुसंधान में नैतिकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए शोध के विभिन्न पक्षों में नैतिकता को अक्षुण्य बनाने के उपायों को भी सुझाया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो0 सीमा सिंह, मा0 कुलपति जी ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों एवं शोधार्थियों को शोध की गुणवत्ता उन्नत करने का आवाहन किया तथा शोध में सत्यनिष्ठा के तत्व को बनाए रखने के उपायों को बताया। उन्होनें कार्यक्रम की आवश्यकता एवं सार्थकता को स्पष्ट करते हुए आयोजनों को साधुबाद दिया।

कार्यशाला के द्वितीय तकनीकी सत्र के विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ0 राम जनम मौर्य, प्रभारी पुस्तकालयाध्यक्ष, उ0प्र0रा0ट0मु0वि0वि0 प्रयागराज ने साहित्यिक चोरी जॉच प्रक्रिया एवं प्रकाशन मानको के सम्बन्ध में ज्ञानात्मक पक्ष के साथ–साथ क्रियात्मक पक्ष पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 पी0के0पाण्डेय, ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं शोधार्थियों सहित 79 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम पूर्वान्ह् 11.45 बजे से सायं 5. 00 बजे तक चला।

GPS Map Camera
Korsand, Uttar Pradesh, India
GVQ3+55W, Korsand, Phaphamau, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.538186°
Long 81.852777°
19/03/24 03:18 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Korsand, Uttar Pradesh, India
GVQ3+55W, Korsand, Phaphamau, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.538186°
Long 81.852777°
19/03/24 03:18 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Korsand, Uttar Pradesh, India
GVQ3+55W, Korsand, Phaphamau, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.538186°
Long 81.852777°
19/03/24 03:18 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Korsand, Uttar Pradesh, India
GVQ3+55W, Korsand, Phaphamau, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.538211°
Long 81.85274°
19/03/24 03:03 PM GMT +05:30
Google